Shareholders holding shares in demat mode are requested to contact their Depository Participant ("DP") and register their e-mail address as per the process advised by their DP. Shareholders holding shares in physical mode are requested to furnish their e-mail addresses and mobile numbers with the Company's Registrar and Share Transfer Agent viz., Integrated Registry Management Services Private Limited at giri@integratedindia.in. Members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail addresses with the Company can cast their vote through remote e-voting or e-vote during AGM by following the below process for obtaining the e-voting credentials:

1. In case shares are held in physical mode, provide the folio No.,Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to 30.agm@mphasis.com .
2. In case shares are held in demat mode, provide DPID-CLID (16 digit DPID + CLID or 16 digit beneficiary ID), Name of shareholder, client master or copy of Consolidated Account Statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) to 30.agm@mphasis.com .
3. Alternatively, member may send an e-mail request to evoting@nsdl.co.in for obtaining User ID and Password by providing the details mentioned in Point (1) or (2) as the case may be.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 and rules made thereunder, as amended, and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Mr. S P Nagarajan, a Practicing Company Secretary, has been appointed as the scrutinizer to scrutinize the voting process in a fair and transparent manner.

The following is the schedule of events for e-Voting:

Date of completion of dispatch of Notice	Monday, 6 September 2021
Cut-off date for remote e-voting	Wednesday, 22 September 2021
The date and time of commencement of remote e-voting	Friday, 24 September 2021 at 9.00 AM
Closing of remote e-voting	Tuesday, 28 September 2021 at 5.00 PM
Declaration of results of voting	The results will be declared forthwith, upon receipt of Scrutinizer report, within 48 hours of the conclusion of the AGM i.e. before Friday, 1 October 2021, before 5 PM and placed at the registered office of the Company, Mphasis Limited, Bagmane World Technology Center, Marathahalli Outer Ring Road, Doddanakhundi Village, Mahadevapura, Bengaluru – 560 048 and also at the Corporate Office of the Company "Bagmane Laurel", Bagmane Technology Park, Byrasandra Village, C V Raman Nagar, Bengaluru – 560 093. Further the results will be hosted on the website of the Company at www.mphasis.com despite of being hosted on the website of the Stock Exchanges.

The Notice of the AGM is uploaded on the website of the Agency, NSDL at https://www.evoting.nsdl.com.

Notice is also hereby given that the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Wednesday, 15 September 2021 to Wednesday, 29 September 2021 (both days inclusive).

Shareholders may note that the Board of Directors in their meeting held on 13 May 2021 has recommended a final dividend of Rs.65/- per equity share **(inclusive of a special dividend of Rs.27/- per equity share)**.The final dividend once approved by the shareholders in the ensuing AGM will be paid (subject to deduction of taxes at source as per the Income-tax Act, 1961) electronically to those shareholders who have updated their bank account details. Members holding shares in electronic form, who have not registered their bank particulars are requested to update the same with their respective Depositories and members holding shares in physical form are requested to update their bank particulars to the Company's Registrar and Share Transfer Agents at giri@integratedindia.in to enable the Company to disburse the dividend to your bank account directly.

However, in respect of the shareholders who have not updated their bank account details, considering the on-going pandemic and related lock downs, dividend warrants/demand drafts/cheques will be sent out to their registered addresses when the postal facility is fully functional in the Country.

Shareholders may note that the Income-tax Act, 1961 (Act), as amended by the Finance Act, 2020, mandates that the dividends paid or distributed by a Company, on or after 1 April 2020, shall be taxable in the hands of shareholders. The Company shall therefore deduct tax at source (TDS) at the time of making the payment of final dividend. The shareholders are requested to note the following in this regard.

For Resident Shareholders, taxes shall be deducted at source under Section 194 of the Act, as follows –

Shareholders having valid PAN	10% or as notified by the Government of India
Shareholders not having PAN / valid PAN	20% or as notified by the Government of India as per section 206AA of the Income Tax Act
Shareholders who have not filed the Income Tax Returns for the FY 2018-19 (AY 2019-20) and FY 2019-20 (AY 2020-21) before the due date and aggregate of tax deducted at source is Rs.50,000 or more, in each of these two financial years.	Higher rate of tax as notified by the Government of India as per section 206AB of the Income Tax Act i.e. 20%

However, no tax shall be deducted on the dividend payable to a resident individual shareholder if the total dividend to be received by them during Financial Year 2021-22 does not exceed Rs. 5,000 in aggregate across all holdings in the Company and also in cases where shareholders provide Form 15G/Form 15H (applicable to an Individual resident shareholder with age of 60 years or more) subject to conditions specified in the Act. Resident shareholders may also submit any other document as prescribed under the Act to claim a lower/Nil withholding tax. PAN is mandatory for shareholders providing Form 15G/15H or any other document as mentioned above.

For Non-resident Shareholders, taxes are required to be withheld in accordance with the provisions of Section 195 and other applicable sections of the Act, at the rates in force. The withholding tax shall be at the rate of 20% (plus applicable surcharge and cess) or as notified by Government of India on the amount of dividend payable. Non-resident shareholders (excluding FPIs / FIIs), have the option of being governed by the provisions of the Double Taxation Avoidance Agreement (DTAA) between India and their country of tax residence, if the provisions of the DTAA are more beneficial to them. For this purpose, i.e. to avail the benefits under the DTAA, non-resident shareholders will have to provide the following:

- Copy of the PAN Card allotted by the Indian Income Tax Authorities duly attested by the shareholder.
- Copy of Tax Residency Certificate (TRC) for FY 2021-22, obtained from the revenue authorities of the country of tax residence, duly attested by shareholder.
- Self-declaration in Form 10F.
- Self-declaration by the shareholder of having no Permanent Establishment in India in accordance with the applicable Tax Treaty.
- Self-declaration of Beneficial ownership by the shareholder.
- Any other documents as prescribed under the Act for lower withholding of taxes if applicable, duly attested by the shareholder.

For FPIs / FIIs, taxes will be withheld in accordance with the provisions of Section 196D of the Act at the rate of 20% (plus applicable surcharge and cess). FIIs/FPIs also have the option of being governed by the provisions of the Double Taxation Avoidance Agreement (DTAA) between India and their country of tax residence, if the provisions of the DTAA are more beneficial to them. Taxes then shall be deducted at the rate provided under DTAA if same is lower than the existing TDS rate of 20% .

Shareholders are requested to upload the aforementioned documents at https://www.integratedindia.in/ExemptionFormSubmission.aspx on or before 17 September 2021 before 5:00 pm. No communication would be accepted from shareholders after 17 September 2021 regarding the tax withholding matters.

For **Mphasis Limited**
Sd/-
Subramanian Narayan
Senior Vice President and Company Secretary

Bengaluru
04 September 2021

NOTES:

1. **A MEMBER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT ONE OR MORE PROXIES TO ATTEND AND TO VOTE ON A POLL INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND A PROXY SO APPOINTED NEED NOT BE A MEMBER OF THE COMPANY. PURSUANT TO THE MCA CIRCULARS, PROVISION FOR APPOINTMENT OF PROXIES BY THE MEMBERS ARE NOT AVAILABLE FOR THE AGM HELD THROUGH VC. ACCORDINGLY, THE FACILITY FOR APPOINTMENT OF PROXY FOR THIS AGM HAS NOT BEEN PROVIDED TO THE MEMBERS AND THE PROXY FORM IS NOT ANNEXED TO THIS NOTICE.**
2. Any person, who acquires shares and becomes a member of the Company after dispatch of the Notice may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or giri@integratedindia.in and shall be entitled for availing remote e-voting facility or e-voting at the AGM. However, the vote of member will be considered only if such person is a member of the Company as at the cut-off date i.e. 22 September 2021. A person who is not a member as on the cut-off date should treat this Notice for information purposes only.
3. Any queries or grievances connected with the remote e-voting process, may please be addressed to Mr. Subramanian Narayan, Senior Vice President and Company Secretary, Mphasis Limited, Bagmane World Technology Center, Marathahalli Outer Ring Road, Mahadevapura, Doddanakhundi Village, Bengaluru – 560 048, Ph:+91-080-67504613 or e-mailed to subramanian.narayan@mphasis.com.
4. The remote e-voting module shall be forthwith blocked by NSDL at 5.00 pm on Tuesday, 28 September 2021 and remote e-voting shall not be allowed beyond the aforesaid date and time.
5. A member may participate at the AGM through VC facility even after exercising their right to vote through remote e-voting but shall not be entitled to vote again at the AGM.

रिलायंस इंडस्ट्रीज में फिर से दमदार तेजी

कंपनी का शेयर भाव इस साल जुलाई के अंत से लेकर अब तक 17.3 प्रतिशत चढ़ा है

कृष्ण कांत
मुंबई, 5 सितंबर

भारत की सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज करीब एक साल के कमजोर प्रदर्शन के बाद फिर से दलाल पथ पर बाजार तेजी की अग्रणी बन गई है। यह शेयर शुक्रवार को सूचकांक में शानदार प्रदर्शन वाला रहा और दिन के आखिर में 4.1 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि बीएसई के सेंसेक्स में करीब आधा प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी।

शुक्रवार की तेजी के साथ सितंबर महीने के पहले तीन कारोबारी सत्रों में यह शेयर 5.7 प्रतिशत तक चढ़ चुका है, जबकि इस अवधि में प्रमुख सूचकांक में एक प्रतिशत तेजी आई। कंपनी का शेयर भाव अब इस साल जुलाई के अंत से 17.3 प्रतिशत तक चढ़ चुका है और उसने समान अवधि में सूचकांक (10.5 प्रतिशत तेजी) को मात दी है।

शेयर शुक्रवार को 2,388 रुपये प्रति शेयर की नई सर्वाधिक ऊंचाई पर बंद हुआ, जबकि इस साल उसने 29 जनवरी को 1,830 रुपये का 52 सप्ताह का निचला स्तर दर्ज किया था। तुलनात्मक तौर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने करीब एक साल से तेजी में भागीदारी नहीं की थी। कंपनी का शेयर भाव जुलाई 2020 से जुलाई 2021 के बीच 1,950 रुपये से 2,020 रुपये के सीमित दायरे में बना रहा। समान अवधि में प्रमुख सेंसेक्स में 40 प्रतिशत तक की तेजी आई, क्योंकि उसे धातु और टेक्नोलॉजी शेयरों में आई मजबूती से मदद मिली।

कई विश्लेषकों का मानना है कि रिलायंस में ताजा तेजी कुछ सप्ताह तक बरकरार रहने की संभावना है, क्योंकि कंपनी सितंबर 2021 की तिमाही में अच्छी आय वृद्धि दर्ज करेगी।

इक्विनोमिक्स रिसर्च ऐंड एडवायजरी सर्विसेज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक जी चोकालिंगम का कहना है, 'कोविड-19 महामारी की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ताजा व्यवधान से आगामी तिमाही में आरआईएल के कच्चे तेल रिफाइनिंग और पेट्रो रसायन व्यवसाय के सकल मार्जिन और मुनाफे में सुधार आने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप, हमें उम्मीद है कि कंपनी दूसरी तिमाही में आय में अच्छी तेजी दर्ज करेगी।' इक्विनोमिक्स रिसर्च ऐंड एडवायजरी सर्विसेज ने इस शेयर के लिए 2,500 रुपये का कीमत लक्ष्य दिया है।

जहां कंपनी ने रिटेल एवं दूरसंचार में भारी निवेश कर पिछले कुछ वर्षों में अपने राजस्व और मुनाफे में विविधता लाने पर जोर दिया है, वहीं तेल रिफाइनिंग और पेट्रो रसायन व्यवसाय का अब उसकी आय में बड़ा योगदान बना हुआ है।

कंपनी का तेल रिफाइनिंग एवं पेट्रो रसायन व्यवसाय का आरआईएल के समेकित ब्याज एवं कर पूर्व लाभ (पीबीआईटी) में करीब 55 प्रतिशत का योगदान है। यह वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में करीब 19,000 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2020 की पहली तिमाही के 49.6 प्रतिशत योगदान से ज्यादा है।

कोविड-19 महामारी की वजह से वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद कंपनी के रिटेल खंड द्वारा भी वित्त वर्ष 2022 के शेष 9 कीमहीनों में बेहतर प्रदर्शन किए जाने की संभावना है।

कंपनी के ओ2सी और संगठित रिटेल व्यवसायों द्वारा अच्छी आय वृद्धि से वित्त वर्ष 2022 में पूंजी पर प्रतिफल (आरओई) और निवेशित पूंजी पर प्रतिफल (आरओसीई) जैसे मुख्य लाभ में तेजी आने की संभावना है। समेकित आधार पर कंपनी का आरओसीई वित्त वर्ष 2021 में घटकर 7.8 प्रतिशत रह गया, जो पिछले तीन दशकों में उसका सबसे निचला स्तर था। पूर्ववर्ती निचला स्तर वित्त वर्ष 2015 में 9.5 प्रतिशत था। कैपिटालाइन डेटाबेस के आंकड़े के अनुसार, इसी तरह पिछले वित्त वर्ष कंपनी का आरओएनडब्ल्यू घटकर 8.4 प्रतिशत रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, आरओई और आरओसीई में संभावित सुधार एक महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव है और इसका असर कंपनी के ऊंचे मूल्यांकन अनुपात के तौर पर देखा जा सकता है।

अन्य विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक सौर और हाइड्रोजन जैसे ग्रीन ऊर्जा में कंपनी के संभावित प्रवेश से आय वृद्धि पर दांव लगा रहे हैं। नारनोलिया सिक्योरिटीज के सीआईओ शैलेंद्र कुमार का कहना है, 'बाजार में यह माना जा रहा है कि ग्रीन एनर्जी में प्रस्तावित विविधीकरण से अगले तीन वर्षों में रिलायंस की समेकित आय में योगदान दिखना शुरू हो जाएगा।'

इस साल जून में कंपनी की सालाना आम बैठक में बोलते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रवर्तक एवं चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सौर ऊर्जा में करीब 75,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जिसमें भारत में सोलर फोटोवोल्टेक पैनलों के निर्माण की भी योजना शामिल है। अंबानी ने 5जी मोबाइल टेक्नोलॉजी में प्रवेश करने और इस साल दीवाली तक 4जी आधारित नया किफायती स्मार्टफोन पेश किए जाने की भी घोषणा की थी।

विश्लेषकों का यह भी कहना है कि रिलायंस के शेयर का प्रदर्शन प्रमुख बाजार में उतार-चढ़ाव पर आधारित है।

सेंसेक्स के मुकाबले रिलायंस इंडस्ट्रीज का प्रदर्शन

वर्ष एवं माह	आरआईएल कीमत	सेंसेक्स
जुलाई, 2020	2067.0	37,606.0
अगस्त, 2020	2078.6	38,628.3
सितंबर, 2020	2233.8	38,067.9
अक्टूबर, 2020	2054.4	39,614.1
नवंबर, 2020	1929.9	44,149.7
दिसंबर, 2020	1984.7	47,751.3
जनवरी, 2021	1843.2	46,285.8
फरवरी, 2021	2083.9	49,100.0
मार्च, 2021	2003.2	49,509.2
अप्रैल, 2021	1994.5	48,782.4
मई, 2021	2160.5	51,937.4
जून, 2021	2110.9	52,482.7
जुलाई, 2021	2035.4	52,586.8
अगस्त, 2021	2259.3	57,552.4
सितंबर, 2021	2388.3	58,130.0



शेयर भाव 3 सितंबर के — *स्रोतः कैपिटालाइन*

- शेयर शुक्रवार को 2,388 रुपये की नई ऊंचाई पर बंद हुआ था
- इस शेयर ने समान अवधि में सेंसेक्स के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है
- सेंसेक्स में इस अवधि में करीब 10.5 प्रतिशत तक की तेजी आई

बाजार हलचल

जस्ट डायल में आर्बिट्राज के अवसर

ब्रोकिंग कंपनियां अपने खुदरा ग्राहकों को जस्ट डायल के शेयर खरीदने की सलाह दे रही हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस इकाई द्वारा पेश ओपन ऑफर की वजह से पैदा हुए आर्बिट्राज अवसर को देखते हुए ब्रोकिंग कंपनियां अपने ग्राहकों को इस तरह की सलाह दे रही हैं। हालांकि संभावित तेजी सीमित हुई है, क्योंकि जस्ट डायल का शेयर पिछले सप्ताह 4 प्रतिशत चढ़ गया। ओपन ऑफर 1,022.25 रुपये की कीमत पर पेश किया जाएगा, जो 992 रुपये के पिछले बंद भाव के मुकाबले 3 प्रतिशत की तेजी है। ओपन ऑफर कंपनी में रिलायंस रिटेल वेंचर्स द्वारा 41 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है। एडलवाइस अल्टरनेटिव रिसर्च के अभिलाष पगारिया का कहना है कि छोटे निवेशकों के लिए स्वीकार्यता अनुपात 75 प्रतिशत हो सकता है और पूरी प्रक्रिया में दो महीने लग सकते हैं।

रोलेक्स रिंग्स का शेयर सुर्खियों में!

रोलेक्स रिंग्स का शेयर सोमवार को सुर्खियों में छाए रहने के आसार हैं, क्योंकि 30 दिन की लॉक-इन अवधि पूरी हो रही है। विश्लेषकों का कहना है कि शेयर में बिकवाली दबाव देखा जा सकता है, क्योंकि कुछ 'एंकर' यानी बड़े और प्रमुख निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किए जाने की संभावना है। कंपनी का शेयर मौजूदा समय में 1,090 रुपये पर कारोबार कर रहा है, जो 900 रुपये के निर्गम भाव के मुकाबले 21 प्रतिशत तक की तेजी है। बड़े निवेशकों के पास गुजरात स्थित इस कंपनी के करीब 24.4 लाख शेयर (9 प्रतिशत हिस्सेदारी) हैं। एंकर निवेशकों से संबंधित लॉक-इन अवधि की समाप्ति के बाद हाल के सप्ताहों में जोमैटो और ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज के शेयरों पर दबाव देखा गया।

तंगामयिल ज्वैलरी में संभावना बरकरार?

तंगामयिल ज्वैलरी (टीजेएल) का शेयर पिछले सप्ताह 17 प्रतिशत चढ़ गया था। ब्रोकिंग फर्म फिलिप कैपिटल द्वारा सकारात्मक रिपोर्ट के बाद इस शेयर में तेजी आई थी। ब्रोकरेज फर्म ने कहा था कि कंपनी बिक्री वृद्धि में सुधार, विस्तार में तेजी और खासकर नए हॉलमार्किंग नियमों की वजह से पैदा हुए सकारात्मक हालात की वजह से सुर्खियों में है। फिलिप कैपिटल ने 1,000 रुपये के कीमत लक्ष्य के साथ अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, 'हमारा मानना है कि हॉलमार्किंग (जून 2021 से प्रभावी) के सख्त क्रियान्वयन से टीजेएल की बाजार भागीदारी में सुधार आएगा। टीजेएल वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान 20 प्रतिशत की आय सीएजीआर दर्ज करने को तैयार है।' मौजूदा समय में यह शेयर 1,093 रुपये पर कारोबार कर रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि कम आगामी मूल्यांकन की संभावना को देखते हुए यह शेयर अच्छा दीर्घावधि दांव बना रह सकता है।

समी मोडक द्वारा संकलित जानकारी पर आधारित

निवेशकों को भा रहे लार्ज-कैप शेयर

चिराग मदिया
मुंबई, 5 सितंबर

निवेशकों ने ब्लू चिप शेयरों में भारी तेजी के बीच अगस्त में इक्विटी योजनाओं में निवेश बरकरार रखा।

हालांकि उन्होंने मिड-कैप और स्मॉल-कैप के बजाय लार्ज-कैप पर ज्यादा जोर दिया, भले ही इस साल लार्ज-कैप का प्रदर्शन इस बार ज्यादा अच्छा नहीं रहा है।

भारत में म्युचुअल फंडों के संगठन (एम्फी) के आंकड़े से पता चलता है कि लार्ज-कैप श्रेणी की दैनिक प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगस्त में 2.10 लाख करोड़ रुपये पर दर्ज की गईं, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा 1.97 लाख करोड़ रुपये था। वहीं स्मॉल-कैप फंडों की एयूएम मामूली 381 करोड़ रुपये तक घटकर अगस्त में 91,402 करोड़ रुपये रह गईं।

बाजार कारोबारियों का कहना है कि निवेशक महंगे मूल्यांकन और नियामकीय सख्ती के प्रभाव से जुड़ी चिंताओं की वजह से स्मॉल-कैप श्रेणी से दूरी बना रहे हैं। प्राइमइन्वेस्टर डॉटइन की सह-संस्थापक विद्या बाला का कहना है, 'निवेशकों ने लार्ज-कैप फंडों पर ध्यान दिया है, क्योंकि ये फंड पिछले कुछ महीनों के दौरान मिड और स्मॉल-कैप योजनाओं के मुकाबले बेहतर प्रतिफल देने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, स्मॉल-कैप और मिड-कैप श्रेणी में कुछ गिरावट भी आई थी जिससे निवेशकों को लार्ज-कैप श्रेणी पर ध्यान देने में मदद मिली है।'

- निवेशकों ने मिड-कैप और स्मॉल-कैप के बजाय लार्ज-कैप पर ज्यादा जोर दिया
- कई ब्लू चिप शेयरों में भारी तेजी की वजह से कुछ लार्ज-कैप फंडों का प्रतिफल सुधरा है

पिछले महीने के दौरान, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.86 प्रतिशत की तेजी आई जबकि बीएसई मिडकैप सूचकांक 4.51 प्रतिशत तक चढ़ा। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में करीब 10 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के मुकाबले स्मॉल-कैप सूचकांक का प्रदर्शन तीन वर्षों में सबसे खराब रहा।

कई ब्लू चिप शेयरों में भारी तेजी की वजह से कुछ लार्ज-कैप फंडों का प्रतिफल आंकड़ा हाल के सप्ताहों में सुधरा है। वैल्यू रिसर्च के आंकड़े से पता चलता है कि लार्ज-कैप फंडों का औसत प्रतिफल करीब 6.5 प्रतिशत है, जो स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों से ज्यादा है। स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों का औसत प्रतिफल 0.18 प्रतिशत और 2.30 प्रतिशत के आसपास रहा।

बाजार कारोबारियों का कहना है कि बिकवाली दबाव धीमा पड़ा है, और नई बिक्री में पिछले कुछ महीनों से तेजी आई है, जिससे सकारात्मक पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिल रहा है।

पिछले पांच महीनों में, इक्विटी फंडों ने 51,207 करोड़ रुपये का शुद्ध पूंजी प्रवाह आकर्षित किया। अकेले जुलाई में इक्विटी फंडों ने 22,584 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया और इसे खासकर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के फ्लेक्सीकैप फंड की शानदार सफलता से मदद मिली।

लार्ज- और मिड-कैप फंड, फ्लेक्सीकैप फंडों जैसी कई इक्विटी उप-श्रेणियों ने अगस्त में मासिक आधार पर एयूएम में भारी तेजी दर्ज की।

इंडिया डेडिकेटेड फंडों से जुलाई में 41.7 करोड़ डॉलर की निकासी

ऐश्ली कुटिन्हो
मुंबई, 5 सितंबर

इंडिया डेडिकेटेड फंडों से जुलाई में 41.7 करोड़ डॉलर की निकासी हुई, जिसकी अगुआई गैर-ईटीएफ ने की और इसके जरिये कुल 36.5 करोड़ डॉलर की निकासी हुई। इस तरह से कैलेंडर वर्ष 2021 में इस श्रेणी से कुल निकासी 2.5 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह जानकारी कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की तरफ से संग्रहित ईपीएफआर आंकड़ों से मिली।

ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट फंडों से भारत में निवेश जुलाई में 45.9 करोड़ डॉलर रहा, जिसमें गैर-ईटीएफ के जरिए 31.8 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ और कैलेंडर वर्ष 2021 में कुल निवेश 5.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इंडिया डेडिकेटेड, ग्लोबल इमर्जिंक मार्केट फंडों व अन्य श्रेमी के फंडों में कैलेंडर वर्ष 21 में भारत में कुल 6.1 अरब डॉलर रहा।

इंडिया डेडिकेटेड फंडों की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां जुलाई तक 9.6 फीसदी बढ़कर 42.6 अरब डॉलर हो गई। ग्लोबल इमर्जिंग मार्केट फंडों का एयूएम इस अवधि में 23 फीसदी की उछाल के साथ 139.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सूचीबद्ध ईएम फंडों में प्रवाह ज्यादातर देशों के लिए सकारात्मक रहा। चीन ने 5.2 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया, उसके बाद ताइवान व दक्षिण कोरिया का स्थान रहा, जहां क्रमशः 97.9 करोड़ डॉलर और 21.9 करोड़ डॉलर निवेश हुआ।

ईपीएफआर फंड फ्लो के आंकड़े मोटे तौर पर म्युचुअल फंड, ईटीएफ, क्लोज्ड एंडेड फंडों, वैरिएबल एन्युटी फंडों और बीमा से जुड़ाव वाले फंडों को ट्रैक करते हैं। इसमें हेज फंडों, प्रोप्राइटरी डेस्क और सॉवरिन वेल्थ फंडों की तरफ से निवेश शामल नहीं होते, जो एनएसडीएल ट्रैक करती है। एशिया (जापान को छोड़कर) फंड पोर्टफोलियो के औसत में चीन व भारत को आवंटन की हिस्सेदारी 47 फीसदी है। एशिया (जापान को छोड़कर) फंडों की तरफ से भारत को आवंटन जुलाई में 14.8 फीसदी बढ़ा, जो एक महीने पहले 13.5 फीसदी रहा था।

कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहा वाहन क्षेत्र

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 5 सितंबर

वाहन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन फिलहाल अच्छा होने की कोई संभावना नहीं दिख रही है क्योंकि इस क्षेत्र की ज्यादातर कंपनियों को कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिनमें सेमीकंडक्टर की कमी, बढ़ती इनपुट लागत और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से बढ़ती प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दे शामिल हैं। हालांकि शेयरों का मूल्यांकन अब आकर्षक हो गया है लेकिन निवेशक अभी ऑटो शेयरों से परहेज कर सकते हैं।

आईडीबीआई कैपिटल के रिसर्च के प्रमुख ए के प्रभाकर ने कहा, 'ऑटो क्षेत्र को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है मसलन कच्चे माल की ऊंची कीमतें और चिप की कमी। पारंपरिक चार पहिया वाहनों और दोपहिया वाहनों की श्रेणी में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मूल्यांकन बेहतर है लेकिन ऑटो शेयरों पर दबाव बना रहेगा। उनकी रिकवरी की राह अभी काफी लंबी है।'

- ऑटो शेयरों का मूल्यांकन बेहतर है लेकिन इनके प्रदर्शन में सुधार की संभावना नहीं दिख रही
- वाहन कंपनियां सेमीकंडक्टर की कमी, बढ़ती इनपुट लागत और इलेक्ट्रिक वाहनों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं
- सेक्टर सूचकांक में निफ्टी ऑटो इंडेक्स का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2022 में सबसे खराब रहा है

जैफरीज के विश्लेषकों के अनुमान, जापानी कार और यात्री वाहन के संयंत्रों में सितंबर में वाहन उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी आई है।

कच्चे माल की लागत भारतीय कंपनियों के लिए एक बड़ी समस्या रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय स्टील की कीमत 67,500 रुपये प्रति टन के साथ अब तक के उच्च स्तर पर है जो जून तिमाही के औसत से 5 प्रतिशत अधिक है। अल्युमिनियम की कीमतें भी रिकॉर्ड स्तर पर हैं जो जून तिमाही के औसत से 12 फीसदी ज्यादा है।

लागत में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए, मारुति सितंबर से सभी खंडों की कीमतों में वृद्धि कर रही है और इस तरह इस साल यह चौथी वृद्धि होगी। हालांकि पिछले तीन चरण में कीमतों में वृद्धि कम थी लेकिन विश्लेषकों का अनुमान है कि सितंबर में इसमें काफी तेजी आएगी क्योंकि स्टील, अल्युमिनियम और तांबे जैसे कच्चे माल की कीमतों में काफी वृद्धि देखने को मिली है।

जेएम फाइनैंशियल के विश्लेषकों के अनुसार, चार पहिया वाहन श्रेणी के अलावा, दो पहिया वाहनों की मांग भी जिंसों से संबंधित कीमतों में वृद्धि, ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी, कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण खर्च करने योग्य आमदनी पर असर से काफी प्रभावित हुई है क्योंकि कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए उपभोक्ता काफी सतर्कता भरा रुख अपना रहे हैं।

जेएम फाइनैंशियल के विवेक कुमार और नितिन अग्रवाल ने हाल ही में एक रिपोर्ट में लिखा, 'पूछताछ का स्तर भी सामान्य से काफी कम है। खरीदारों के आने की तादाद भी कम हो रही है क्योंकि ज्यादातर पूछताछ ऑनलाइन ही की जा रही हैं। ऐसी बातें सामने आई हैं कि कई ग्राहकों ने मौजूदा ओईएम/ओला इलेक्ट्रिक के ईवी उत्पादों के लॉन्च के उम्मीद में खरीद का फैसला टाला है।'

एसीई इक्विटी डेटा के मुताबिक सेक्टर सूचकांक में निफ्टी ऑटो इंडेक्स का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2022 में सबसे खराब रहा है और निफ्टी 50 इंडेक्स में 16 फीसदी बढ़ोतरी के मुकाबले इसमें महज 1.8

तारा चंद लॉजिस्टिक सॉल्यूशन्स लिमिटेड

कारपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): L63090CH2012PLC033556
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 342, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, चंडीगढ़
फोनः 0172–2650380, वेबसाइटः www.tarachandindia.in,
ई–मेलः cs@tarachandindia.in

9वीं (नौवीं) वार्षिक साधारण सभा का नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम नोटिस जो अलग से शेयरधारकों को ई–मेल किया जायेगा और कंपनी की वेबसाइट www.tarachandindia.in अर्थात और स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात एनएसई लिमिटेड (www.nseindia.com) और सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस लिमिटेड (सीडीएसएल) (www.cdslindia.com) पर भी उपलब्ध की जायेगी, में यथानिर्धारित व्यवसाय के निष्पादन हेतु **तारा चंद लॉजिस्टिक सॉल्यूशन्स लिमिटेड ("कंपनी")** के शेयरधारकों की 09वीं (नौवीं) वार्षिक साधारण सभा **("एजीएम")** वीडियो कान्फ्रेंसिंग("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल ज़रिए ("ओएवीएम") के माध्यम से गुरुवार, 30 सितंबर, 2021 को पूर्वा. 11:00 बजे (आई.एस.टी.) आयोजित की जायेगी।

कोविड–19 वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए कारपोरेट कार्य मंत्रालय **("एमसीए")** ने अपने परिपत्रों दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 और 8 अप्रैल, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. 20/2020, दिनांकित 05 मई, 2020 और परिपत्र सं. 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 ("संयुक्त रूप में **"एमसीए परिपत्र"** कहा गया है) और और सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 और परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 सेबी द्वारा समय–समय यथासंशोधित, द्वारा किसी कॉमन स्थान पर शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी या ओएवीएम माध्यम से एजीएम आयोजन की अनुमति दी है। कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम"), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 ("सेबी सूचीबद्ध विनियमावली") और एमसीए परिपत्रों के प्रावधानों के अनुपालन में कंपनी की एजीएम वीसी या ओएवीएम माध्यम से आयोजित की जायेगी।

एजीएम का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रोनिक प्रतियाँः

अधिनियम, इसके तहत नियमों और उपरोक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में एजीएम का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रोनिक प्रतियाँ सभी शेयरधारकों जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के पास पंजीकृत हैं, उन्हें भेजी जायेंगी। शेयरधारक नोट करें कि एजीएम का नोटिस और और वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 कंपनी की वेबसाइट (www.tarachandindia.in) अर्थात और स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात एनएसई लिमिटेड (www.nseindia.com) और सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस लिमिटेड (सीडीएसएल) (www.cdslindia.com) पर भी उपलब्ध की जायेगी।

वीसी/ओएवीएम माध्यम से एजीएम में भागीदारीः

शेयरधारक एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा [जो कंपनी द्वारा सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस लिमिटेड (सीडीएसएल) से ली जा रही है] माध्यम से जुड़ और भाग ले सकते हैं, जिसका विवरण कंपनी द्वारा एजीएम के नोटिस में प्रदान किया जायेगा। वीसी/ओएवीएम माध्यम से भाग ले रहे सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना में शामिल किए जायेंगे।

शेयरधारकों से अपने ई–मेल आईडी पंजीकृत करने की अपीलः

शेयरधारक जिन्होंने ने अभी तक अपने ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे निम्नवत् ई–मेल आईडी पंजीकृत करने का अनुरोध हैः

1. भौतिक रूप में शेयर धारण वाले शेयरधारकः ऐसे शेयरधारकों से अपने ई–मेल आईडी शेयरधारक का नाम व पते का उल्लेख करते हुए शेयर प्रमाणपत्र की स्कैण्ड प्रति (आगे और पीछे दोनों), पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति, और शेयरधारक के पते के समर्थन में किसी दस्तावेज (अर्थात ड्राईविंग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्व–सत्यापित प्रति के साथ अनुरोध पत्र की हस्ताक्षरित प्रति के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात लिंकइनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को इनकी वेबसाइट (www.linkintime.co.in) पर पंजीकृत करने का अनुरोध किया जाता है।

2. अभौतिक रूप में शेयर धारण वाले शेयरधारकः ऐसे शेयरधारकों से अपने ई–मेल आईडी संबंधित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट(ओं) के पास पंजीकृत करने का अनुरोध है।

ई–मेल पते पंजीकृत करने के लिए कोई प्रश्न/समस्या होने की अवस्था में शेयरधारक rnt.helpdesk@linkintime.co.in को लिख सकते हैं।

एजीएम में रखे गए संकल्पों पर मतदान का तरीकाः

कंपनी एजीएम के नोटिस में यथानिर्दिष्ट सभी संकल्पों पर मतदान करने के लिए अपने शेयरधारकों को रिमोट ई–मतदान सुविधा ("रिमोट ई–मतदान") प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई–मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा ("ई–मतदान") भी प्रदान कर रही है। शेयरधारकों को किसी संकल्प पर रिमोट ई–मतदान सुविधा या एजीएम में ई–मतदान सुविधा का प्रयोग कर अपना मतदान करने का विकल्प होगा। अभौतिक रूप, भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों और शेयरधारकों जिन्होंने अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, के लिए रिमोट ई–मतदान/ई–मतदान की तरीका एजीएम के नोटिस में विस्तृत रूप से दिया जायेगा। यह विवरण कंपनी की वेबसाइटः www.tarachandindia.in पर भी उपलब्ध किया जायेगा।

उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत निर्देश भी एजीएम के नोटिस में प्रदान किए जायेंगे और शेयरधारक कृपया इन निर्देशों को नोट करें।

इन फॉर्म को जमा करने संबंधी किसी प्रश्न/समस्या होने की अवस्था में शेयरधारक इसे rnt.helpdesk@linkintime.co.in या cs@tarachandindia.in पर ई–मेल कर सकते हैं।

हिते **तारा चंद लॉजिस्टिक सॉल्यूशन्स लिमिटेड**
हस्ता./–
विनय कुमार (प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 00151567

दिनांकः 06.09.2021
स्थानः चंडीगढ़

This PDF was originally uploaded to Business Standard Newspaper - ePaper (https://t.me/bs_epaper). Subscribe now to get this edition before anyone else!! Backup channel: @news_backup